हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 12 अंक : 303 देहरादून, शुक्रवार, 31 मई, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16



देवभूमि पत्रकार यूनियन द्वारा मनाया गया पत्रकारिता दिवस एवं अभिनंदन समारोह 6

# सरकारी कामकाज : फेरबदल के आसार, कुछ अधिकारियों के प्रदर्शन से खुश नहीं सीएम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 31, मई सरकारी अफसरों के कामकाज को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रशासनिक फेरबदल कर सकते हैं। लोकसभा इलेक्शन के नतीजों के बाद यानी कि चार जून के बाद सीएम धामी पूरी तरह से एक्शन की मुद्रा में आने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ विभागों के अधिकारियों की लापरवाही के कारण मुख्यमंत्री अफसरों के विभागों का प्रशासनिक फेरबदल कर सकते हैं।बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री चार धाम यात्रा व्यवस्था में शामिल अधिकारियों के कामकाज को लेकर नाखुश हैं क्योंकि यात्रा को लेकर जिम्मेदार अधिकारी यात्रियों की भीड़ का अंदाजा नहीं लगा पाए और व्यवस्था को लेकर सवाल उठे।

जब देने पड़े चार धाम यात्रा प्रबंधन प्राधिकरण बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार लोकसभा के चुनाव में व्यस्त रहे लेकिन उसके बावजूद भी वह प्रतिदिन चार धाम यात्रा को लेकर के समीक्षा बैठकें करते रहें। चार धाम यात्रा में लगातार यात्रियों की बढ़ती भीड़ से जब कुछ अवस्था हुई तो उन्हें खुद ग्राउंड जीरो पर उतरना पड़ा। चार धाम की यात्रा पर आने वाले यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं के मद्देनजर नजर मुख्यमंत्री दामिनी प्रबंधन और संचालन के लिए चार धाम प्राधिकरण बनाने के निर्देश भी दे दिए हैं।बताया जा रहा है कि जुलाई में यात्रा प्राधिकरण का स्वरूप तय हो जाएगा जिसकी जिम्मेदारी अपर प्रमुख सचिव आनंद वर्धन को दी गई है।


विकास से जुड़ी परियोजनाओं पर होगा फोकस

आचार संहिता खत्म होने के बाद विकास कार्यों से जुड़े कामों में तेजी आयेगी,इसके लिए 4 जून के बाद ही शासनादेश जारी होंगे। आचार संहिता के बाद दो नए जिले विकसित करने पर काम आगे बढ़ाने की उम्मीद है जिसकी घोषणा सरकार ने आचार संहिता बनने से पहले की थी। गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में एक-एक नया शहर विकसित किया जाएगा ।ऋषिकेश और हरिद्वार पुनर्निर्माण गलियारा प्रोजेक्ट जो की गंगा नदी पर चल रहा है उसके मास्टर प्लान का ड्राफ्ट तैयार है इसी के साथ चंपावत में भी शारदा कॉरिडोर और ऋषिकेश कॉरिडोर पर काम के जोर पकड़ने की उम्मीद है।



## कैंची धाम आकर अभिभूत हूँ : उपराष्ट्रपति





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 31 मई : उपराष्ट्रपति,जगदीप धनखड़ और डॉ सुदेश धनखड़ ने आज उत्तराखंड के नैनीताल जिले में कैंची धाम में परम पूज्य बाबा नीब करौरी महाराज दर्शन किए और आश्रमवासियों के साथ समय व्यतीत किया। दर्शन के उपरांत उन्होने कहा की इस पवित्र जगह पर आकर मन में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना में बढ़ोतरी हुई है।

कैंची धाम में 'महाराज जी' के दर्शन करधनखड़ ने कहा की इस जगह आकर उन्हें धार्मिकता, उदात्तता और आध्यात्मिकता के संगम का आभास हुआ है। उन्होंने जोर देते हुए कहा की "ये वो जगह है जहाँ ऐसे महापुरुष हुए हैं जिनके द्वारा निर्धारित उच्चतम सिद्धांत सभी के लिए अनुकरणीय हैं।₹भारत की उत्कृष्ट सांस्कृतिक विरासत की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि "भारत की 5000 साल की सांस्कृतिक विरासत दुनिया में बेमिसाल है और आज की वैश्विक समस्याओं के समाधान में भारतीय संस्कृति एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

इससे पूर्व हल्द्वानी आगमन पर उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल लेफ्ट जनरल (रि.) गुरमीत सिंह जी एवं उत्तराखंड सरकार में माननीय मंत्री, गणेश जोशी जी ने उनका स्वागत किया।

**धनखड़ बोले**

- बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन कर एक नई अध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ है
- बाबा नीब करौरी महाराज द्वारा निर्धारित उच्चतम सिद्धांत सभी के लिए अनुकरणीय
- भारतीय संस्कृति वैश्विक समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण स्थान रखती है

## श्रद्धालुओं की सेहत का ध्यान, मिलावट खोरों पर पैनी नजर : डॉ आर राजेश कुमार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,31, मई चार धाम यात्रा पर देश विदेश से आने वाले यात्रियों की सेहत का ख्याल रखने के लिए सरकार और सभी सरकारी महकमें मुस्तैद हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले ही खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर विशेष अभियान शुरू कर दिया था। मिलावटखोरों पर नकेल कसने के लिए यह अभियान इस वक्त ज़ोरो पर है।

यात्रा मार्ग के चप्पे-चप्पे पर खाद्य विभाग की टीम की नजर

उपायुक्त गढ़वाल मंडल राजेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में टीमों का गठन कर यात्रा मार्गों पर बेची जा रही खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच की जा रही है। इस संबंध में स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. आर. राजेश कुमार की ओर से अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये गये हैं कि कि अभियान में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आयुक्त के स्पष्ट निर्देश हैं कि चारधाम यात्रा मार्ग पर कोई भी दुकानदार मिलावटी सामान, खाद्य पदार्थ व फलों को नहीं बेच पाये इसका विशेष ध्यान रखा जाए। डॉ आर राजेश कुमार द्वारा



उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली जिले में अभियान चलाने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

यात्रा मार्ग पर खाद्य मोबाइल टेस्टिंग वन ले रही है सैंपल

अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि आयुक्त डॉ.आर राजेश कुमार के निर्देशों के अनुक्रम में उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली जिले में विशेष अभियान के अंतर्गत चारधाम यात्रा मार्गों पर 325 दुकानों का निरीक्षण, 155 नमूने जांच को भेजे गए।अपर आयुक्त ने बताया कि मोबाइल टेस्टिंग वैन की टीम ने पूरे यात्रा मार्ग पर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों के साथ खाद्य पदार्थ की दुकानों का निरीक्षण कर नमूनों की जांच की। इस दौरान 500 से अधिक सैंपल लिये गये। इनमें से किसी भी सैंपल में कोई मिलावट नहीं पाई गई। अपर आयुक्त ने बताया कि अभी मोबाइल टेस्टिंग वैन बदरीनाथ-केदारनाथ यात्रा मार्ग पर सैंपलों के जांच के लिए लगाई गई है। जल्द मोबाइल टेस्टिंग वैन को गंगोत्री-युमनोत्री यात्रा मार्ग पर भी सैंपलों की जांच के लिए भेजा जायेगा।उन्होंने बताया कि उपायुक्त मुख्यालय जी०सी० कण्डवाल के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम द्वारा यात्रा मार्ग व पर्यटन स्थलों में अभियान चलाया जा रहा है। जनपद देहरादून के विकासनगर क्षेत्र में यह अभियान जारी है। जिसमें लिए नमूनों को जाँच हेतु राजकीय प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजा गया है।



# स्किन के लिए बहुत जरूरी है Vitamin K, ग्लो करेगी स्किन, दूर हो जाएंगे दाग-धब्बे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 31 मई : आजकल बढ़ते प्रदूषण और भागदौड़ के चलते सेहत के साथ साथ स्किन पर भी बुरा असर पड़ रहा है. खासकर बढ़ती उम्र में त्वचा की देखभाल करना काफी मुश्किल हो जाता है. ऐसे में लोग तरह तरह के प्रोडक्ट लगाकर त्वचा को जवां और सेहतमंद बनाए रखने की कोशिश करते हैं. ऐसे में जरूरी है कि त्वचा को सभी तरह का पोषण दिया जाए।

vitamin k त्वचा के लिए बहुत ही अच्छा कहा जाता है. शरीर में कैल्शियम को रेगुलेट करने के लिए विटामिन के काफी फायदेमंद कहा जाता है और साथ ही ये विटामिन ब्लड क्लॉटिंग के मामले में भी काफी महत्वपूर्ण होता है. इसके त्वचा संबंधी ढेर सारे फायदे हैं और




इसलिए बाजार में मिलने वाले अधिकतर ब्यूटी और स्किन प्रोडक्ट में विटामिन के सीरम का यूज हो रहा है. चलिए जानते हैं विटामिन के त्वचा के लिए कितना फायदेमंद है।

स्किन केयर के लिए विटामिन के क्यों है जरूरीविटामिन के एक फैट सॉल्युबल विटामिन है जो ब्लड क्लॉटिंग और बोन के मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त करने का काम करता है. हरी पत्तियों वाली सब्जियों के साथ साथ फर्मेंटेड फूड और एनिमल प्रोडक्ट्स में भी ढेर सारा विटामिन के पाया जाता है.त्वचा पर पड़ने वाले डार्क सर्किल को हटाने में विटामिन के काफी फायदेमंद है. डर्मेटोलॉजिस्ट कहते हैं कि विटामिन के के सीरम की मदद से त्वचा पर पड़ने वाले डार्क सर्किल कम किए जा सकते हैं. इसकी मदद से त्वचा के अंदर ब्लड का सर्कुलेशन तेज होता है जिसकी मदद से गहरे दाग कम होने लगते हैं.कई बार लापरवाही और देखभाल की कमी से स्किन डैमेज की समस्या आती है. ऐसे में विटामिन के काफी भरोसेमंद हो सकता है. ब्लड क्लॉटिंग की प्रोसेस को स्मूद करके ये त्वचा पर पड़ने वाले सभी तरह के डैमेज को कम कर देता है और त्वचा को जल्दी हील करता है.सर्जरी, इंजुरी के निशान आदि को ठीक करने के लिए भी विटामिन के कारगर साबित होता है.विटामिन के की मदद से त्वचा की लोच को बनाए रखा जा सकता है. आपको बता दें कि बढ़ती उम्र के कारण चेहरे की लोच खत्म होने लगती है और चेहरे पर झुर्रियां और लाइन्स दिखने लगती है. ऐसे में चेहरे पर लोच बने रहने से चेहरा सुंदर और जवां दिखता है. विटामिन के को एंटी एजिंग सीरम, क्रीम की तरह यूज किया जा सकता है. स्किन को सुंदर और वाइब्रेंट बनाने में विटामिन के काफी फायदेमंद साबित होता है.


# नींद में शॉपिंग करती है महिला, हो गया 3 लाख का कर्ज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 31 मई :महिलाओं को शॉपिंग करने का शौक होता है, ये तो हम सब जानते हैं. लेकिन ब्रिटेन की एक महिला नींद में शॉपिंग करती है. इतनी शॉपिंग कर डाली कि 3 लाख रुपये का कर्ज हो गया. जब पता चला तो डॉक्टरों के पास भागी. डॉक्टर देखकर बोले, अरे ये तो दुर्लभ बीमारी है. समय पर इलाज नहीं किया गया, तो काफी नुकसानदेह हो सकता है। एसेक्स की रहने वाली केली नाइप्स ने 2006 में अपने पहले बच्चे को जन्म दिया. तब उन्हें महसूस हुआ कि वे नींद में चलने लगी है. यहां तक तो ठीक था. लेकिन नींद में चलने की उनकी ये आदत जल्द ही एक दुर्लभ बीमारी में बदल गई. केली नींद में ही शॉपिंग करने लगीं. दिन की तरह रात में वे शॉपिंग ऐप स्क्रॉल करने लगीं. नतीजा एक दिन उन्होंने अनजाने में सोते-सोते 3000 पाउंड यानी लगभग 3 लाख रुपये की शॉपिंग कर डाली।

बात यहीं खत्म नहीं हुई. मार्च में केली को एक स्पैम मैसेज मिला. जिसमें लिखा था कि मुझे बिलों के भुगतान के लिए सरकार 40000 रुपये देने वाली है. मुझे सिर्फ एक फार्म भरना होगा. केली उस वक्त सो रही थीं. और सोते-सोते उन्होंने फार्म भर दिया. यह जानकारी सरकार के पास जाने की बजाय के हाथों लग गई. उन्होंने साइबर क्रिमिनल्स को अपनी सारी एकाउंट डिटेल्स दे दी. फिर जब होश आया तो केली के बैंक खाते से 250 पाउंड निकाल लिए गए थे. केली बैंक से पैसे वापस पाने में कामयाब रही.

इन्हीं डिटेल्स के आधार पर उसके खाते से अलग-अलग रकम निकालने के पांच बार प्रयास किए गए। केली को संदेह है कि उसकी जानकारी दूसरे साइबर क्रिमिनल्स को बेच दी गई है. क्योंकि कई लोगों ने मेरे बैंक खाते से पैसे निकालने की कोशिश की. उसने कहा, मुझे कई बार अपने कार्ड रद्द करने पड़े. वह जब भी सोने के लिए जाती हैं, तो यह सोचकर कांप उठती हैं कि आज रात क्या होने वाला है. क्योंकि वो फोन या लैपटॉप कहीं भी रख दें, जब शॉपिंग करनी होती है, तो वहां से उसे उठा लेती हैं और ऑर्डर कर देती हैं. डॉक्टरों का कहना है कि यह पैरासोमनिया नामक बीमारी का असर है. इसमें इंसान सोते समय असामान्य हरकतें करने लगता है. उसे स्लीप एपनिया भी है, जो सोते समय उसके मस्तिष्क को आंशिक रूप से जगाने के लिए मजबूर करता है. फिलहाल उसका इलाज चल रहा है।




# गुस्सा आए तो तुरंत पहुंचे यहां, पैसे देकर लें एंट्री... फिर कर सकते हैं तोड़-फोड़

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 31 मई : मुंबई में कई ऐसी जगह है, जहां लोग छुट्टियों में आनंद लेने जाते हैं. आज आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने वाले हैं, जहां आप चीजों को तोड़-फोड़ कर अपना गुस्सा बाहर निकाल सकते हैं. मुंबई के रेज रूम में पैसे देकर आप अपने अंदर के गुस्से या अंदर की भड़ास को निकाल सकते हैं. यह रेज रूम साकीनाका, अंधेरी (पूर्व) में स्थित है. यहां काफी लोग आते हैं और अपने गुस्से को निकालते हैं।

रेज रूम के मैनेजर सोमेश ने बात करते हुए बताया कि यह हर उस व्यक्ति के लिए शानदार जगह है, जो अपने गुस्से में तोड़-फोड़ करता है. घर का सामान ना तोड़कर वह यहां आकर अपनी मन मर्ज़ी से जितना तोड़-फोड़ करना चाहे, वह कर सकता है. हर चीज को तोड़ने की एक कीमत है. यहां 500 रुपए में आपको 6 कांच की बोतल, 6 फुग्गे और 2 कप तोड़ने को मिलेगा. इसके अलावा यहां आप टीवी, कप और ग्लास जैसी चीजें भी तोड़ सकते हैं. यहां कई प्रकार के हथौड़े भी हैं, जिससे आप सामानों को तोड़ सकते हैं. ग्राहक की सुरक्षा के लिए हेलमेट, ग्लव्स, जूते और अलग कपड़े भी पहनाए जाते हैं। सबसे पहला रेज रूम




बैंगलोर में खुला था. मुंबई में रेज रूम खुलने के बाद लोगों को यह काफी पसंद आ रहा है. अब सिर्फ़ बैंगलोर और मुंबई के लोग ही नहीं, बल्कि भारत में दूसरे राज्य के लोग भी इसका लाभ उठा सकते हैं. चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और पुणे में भी जल्द ही रेज रूम खुलने वाला है. बड़े से बड़े डॉक्टर और प्रोफेसर भी यहां आते हैं. कई लोग दोस्तों के साथ मस्ती करने के लिए भी यहां आते हैं।

# 80 साल की उम्र में भी जवान रहती हैं यहां की महिलाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 31 मई : दुनिया में कई लोग ऐसे हैं जो बूढ़ा नहीं होना चाहते हैं। जिसके लिए वह तरह-तरह के जतन भी करते हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं जहां कि महिलाएं बिना कुछ भी 80 साल की उम्र भी जवान रहती हैं। इसके अलावा इस जगह की महिलाओं के पास और भी कई तरह के एडवान्टेज हैं जो हम आपको आगे बताने जा रहे हैं। सबसे पहले को यह बता दें कि, यह जगह कहीं और नहीं बल्कि हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान के कश्मीर में स्थित है। जिसे हुंजा वैली के नाम से जाना जाता है। अगर दिल्ली से इसकी दूरी देखी जाए तो यह 800 किलोमीटर के आसपास आएगी।



हुंजा वैली को पाकिस्तान का स्वर्ग भी कहते हैं। इस वैली की महिलाएं ही ऐसी हैं जो सबसे सुंदर मानी जाती हैं। यह महिलाएं 80 साल की उम्र में भी जवान रहती हैं। सिर्फ महिलाएं ही नहीं यहां के लोग 100 साल से ज्यादा जीते हैं। इतना ही नहीं यहां की औरतें 60 साल की उम्र में भी बच्चा पैदा करने में सक्षम रहती हैं। बता दें कि, हुंजा वैली को ब्लू जोन में गिना जाता है। यह वह जगह होती हैं जहां लोग आम दुनिया में रहने वाले लोगों के मुकाबले ज्यादा जिंदा रहते हैं। यहां के रहने वाले लोगों की लाइफस्टाइल भी बिल्कुल अलग होती है। यहां के लोग सादा खाना खाते हैं, खूब शारीरिक मेहनत करते हैं। वहीं अगर आप इन लोगों से कैंसर के बारे में बात करेंगे तो पता चलेगा कि इन्हें इस बीमारी के बारे में कुछ पता ही नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां के लोग इस तरह की गंभीर बीमारियों की चपेट में कभी आते ही नहीं। इनका लाइफस्टाइल और खानपान काफी हेल्दी होता है। इस जगह को फेमस इंटरनेशनल मैगजीन फोर्ब्स ने साल 2019 के सबसे कूलेस्ट प्लेस टू विजिट की लिस्ट में शामिल किया था।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ पहुंचे पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर, 31, मई किसानों की आय को दोगुनी करने और कृषि क्षेत्र में हो रहे निरंतर शोध कार्यों की जानकारी लेने के लिए भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पंतनगर कृषि विश्विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने नाहेप में बने म्यूजियम का निरीक्षण और अवलोकन किया।

उपराष्ट्रपति ने पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में आए हुए किसानों से बातचीत की और कृषि क्षेत्र में पंतनगर विश्वविद्यालय के योगदान के बारे में वैज्ञानिकों से तमाम जानकारियां ली। उत्तराखंड के दौरे पर निकले उपराष्ट्रपति के साथ उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनखड़, राज्यपाल गुरमीत सिंह सहित कुमाऊं मंडल के अधिकारी भी मौजूद थे।

उपराष्ट्रपति ने यहां पर 15 मिनट कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के साथ में बिताए उसके बाद उप राष्ट्रपति विशेष हेलीकॉप्टर से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गये।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ केवल एक दिन के लिए उत्तराखंड के दौरे पर आए थे उन्होंने बेटे और पत्नी के साथ नैनीताल के भवाली कैंची धाम में बाबा नीब करौली के दर्शन भी किए और बाबा नीम करौली के आश्रम में पूजा-अर्चना की। करोड़ों भक्तों की आस्था के केंद्र बाबा नीब करौली के दर्शन करके उपराष्ट्रपति ने उ कहा कि बाबा नीम करौली के दर्शन से वो अभिभूत हैं.

उप राष्ट्रपति ने पंतनगर विश्वविद्यालयम्यूजियम का किया अवलोकन

पंतनगर एयरपोर्ट से सीधा उपराष्ट्रपति का काफिला पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय पहुंचा जहां पर उन्होंने पौधारोपण किया. इसके बाद वो नाहेप पहुंचे जहां पर उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए म्यूजियम का अवलोकन किया. कार्यक्रम स्थल पर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा लगाए गए स्टालों और उत्पादों का उप राष्ट्रपति ने निरीक्षण किया।

किसानों की आय बढ़ाने में वैज्ञानिक मददगार

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वहां पर मौजूद वैज्ञानिकों शोधार्थियों और किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें विश्विद्यालय के वैज्ञानिकों से उम्मीद है कि किसानों की आय को बढ़ाने के लिए विश्विद्यालय के वैज्ञानिक और उनके द्वारा किए गए शोधों से भारत की कृषि को निरंतर लाभ मिल रहा है जिस कारण आज भारत के किसान पहले की अपेक्षा अधिक समृद्ध हो रहे हैं उन्होंने आशा व्यक्त की पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रयासों से किसानों की आय में इजाफा होगा।

## डीपीएस दौलतपुर में मेधावियों को सम्मानित किया

हरिद्वार। डीपीएस दौलतपुर में गुरुवार को सीबीएसई 10वीं और 12वीं के होनहारों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बीएचईएल में अतिरिक्त महाप्रबंधक विनीत जैन, विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन विकास गोयल, डॉ. पारुल जैन, प्रधानाचार्य पूनम श्रीवास्तव ने दीप जलाकर इसका शुभारंभ किया। दसवीं के छात्र-छात्राओं भूमि सिंह 95.4% प्रथम स्थान, अभिजय तिवारी 95% दूसरा स्थान, जीवांश चौहान 94.2% 12वीं के छात्र-छात्राओं ह्यूमैनिटीज विषय में अंशिका जोशी ने 96.6%, वाणिज्य में प्रज्ञा अग्रवाल ने 95%, शिवम हर्षवर्धन ने विज्ञान विषय में 91% को उच्च अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।इसके बाद सभी विषयों में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को व अन्य गतिविधियों कला, संगीत, नृत्य आदि विषयों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण पत्र और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। साथ ही चौथे वर्चुअल टैलेंट हंट के विजेताओं शाम्भवी, अविघ्न शर्मा, अतिका राव, अवनि शर्मा, मनसीरत कौर, अंशिका चौहान को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# उत्तराखंड : देवभूमि पहुंचे सुपरस्टार रजनीकांत, क्या करेंगे दर्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 31 मई : बीती शाम सुपरस्टार रजनीकांत जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे जिसके बाद वे सड़क मार्ग से ऋषिकेश के शीशम झाड़ी स्थित दयानंद आश्रम के लिए निकले। और फिर वे बद्रीनाथ और केदारनाथ के लिए रवाना हो गए। साउथ सिनेमा के थलाइवा इन दिनों अपनी फिल्मों के साथ-साथ आध्यात्मिकता पर भी जोर दे रहे हैं। वे आजकल हिमालय की यात्रा पर निकलें हैं जहाँ पर वे आध्यात्मिक ध्यान करेंगे और साथ में गुफाओं की यात्रा भी करेंगे। 73 वर्षीय सुपरस्टार रजनीकांत ने बीते दिन देहरादून एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में बताया कि पूरी दुनिया को आध्यात्मिकता की ज़रूरत है क्योंकि यह हर मनुष्य के लिए जरुरी है और आध्यात्म से शांति और सुकून का अनुभव होता है मूलरूप से इसमें ईश्वर में विश्वास करना शामिल है तथा उन्होंने बताया कि मैं हर साल इन आध्यात्मिक यात्राओं से एक अलग और नया अनुभव प्राप्त करता हूँ।

रजनीकांत जौलीग्रांट एयरपोर्ट से सीधे ऋषिकेश में स्थित स्वामी दयानंद आश्रम पहुंचे, वे जब भी उत्तराखंड आते हैं तो



दयानंद आश्रम में ही रुकते हैं। वे हर वर्ष यहाँ पर आकर अपने गुरु को प्रणाम करके हिमालय की यात्रा पर निकलते हैं। पिछले साल भी उनकी जेलर फिल्म रिलीज होने के दौरान वो यहाँ पर आए थे और फिर यहां से बद्री केदार के दर्शन के लिए निकले। इस साल भी उन्होंने यही कार्यक्रम फॉलो किया है। बद्री केदार के दर्शन के बाद वे द्वाराहाट स्थित एक आश्रम में भी जाएंगे।रजनीकांत ने हाल ही में टीजे ग्नानवेल द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्म 'वेट्टैयन' की शूटिंग पूरी की है। जिसमें वो एक पुलिस अधिकारी के किरदार में नज़र आएंगे, ये फिल्म अगले महीने जून में रिलीज होगी। इस साल उनकी एक और फिल्म 'कुली' आ रही हैं जो कि तमिल भाषा में है जिसे लोकेश कनगराज ने निर्देशित किया है और ये नवम्बर में रिलीज होगी। इसके ओटीटी राइट्स अमेजन प्राइम वीडियो ने खरीदे हैं।

# पिथौरागढ़ : सड़क हादसे में 8 घायल, नेपाल से ससुराल आ रही नवविवाहिता की दर्दनाक मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पिथौरागढ़ 31 मई : नीरज की शादी नेपाल की मीना से बीते अप्रैल माह में हुई थी, इस सड़क दुर्घटना में उसने अपनी पत्नी को खो दिया साथ ही सड़क हादसे में अन्य आठ लोग भी घायल हुए हैं। जिनका इलाज बैतड़ी अस्पताल में चल रहा है। बीती शाम को पिथौरागढ़ जनपद के सीमान्त क्षेत्र झूलाघाट में भारत के समीप नेपाल के बैतड़ी जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें नेपाल मूल की भारतीय नवविवाहित की मृत्यु हो गई।

इस गाड़ी में भारत और नेपाल दोनों देशों के यात्री थे। अचानक गाड़ी के अनियंत्रित होने से वाहन गहरी खाई में जा गिरा जिससे यह दुर्घटना हुई है। इसमें पिथौरागढ़ के टकाना की मीना पत्नी नीरज भट्ट की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नीरज सहित आठ लोग घायल हो



गए।बताया जा रहा है कि पिछले महीने ही दोनों का विवाह हुआ था और विवाहित नेपाल की रहने वाली थी। नीरज अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया हुआ था और लौटते समय यह हादसा हो गया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। दुर्घटना की सूचना से परिवार में कोहराम मचा हुआ गया है। हादसा नेपाल में हुआ है इसलिए नेपाल की पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली कटौती के खिलाफ आंदोलन करेगी यूकेडी

हरिद्वार। उत्तराखंड क्रांति दल के महानगर अध्यक्ष गोकुल सिंह रावत ने कहा कि लगातार बिजली कटौती के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंनेसरकार पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप लगाया। कहा कि ऊर्जा प्रदेश में बिजली कटौती से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। बिजली जाने के साथ पानी की आपूर्ति भी बंद हो जाती है। इससे लोगों को बोतलबंद पानी खरीदकर काम चलाना पड़ रहा है। पानी नहीं आने से घरेलू कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ऊर्जा प्रदेश में यहां के निवासी बिजली के लिए तरह रहे हैं, जो कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। कहा कि यदि जल्द ही बिजली और पानी की व्यवस्था सुचारू नहीं हुई तो यूकेडी कार्यकर्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### आठ बजे से पोस्टल बैलेट और साढ़े आठ बजे से ईवीएम मशीन की मतगणना होगी शुरू

हरिद्वार। जिला निर्वाचन अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने चार जून होने वाली मतगणना को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कर्मचारियों को जानकारी दी। बताया कि सबसे पहले बैलेट की गणना प्रारम्भ होगी। इसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीन की मतगणना प्रारंभ होगी। सभी कार्मिक को सुबह छह बजे आना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि जो एजेन्ट जिस विधानसभा व जिस टेबल के लिए तैनात किए जायेंगे वे उसी टेबल पर तैनात रहेंगे अनावश्यक इधर-उधर कतई नहीं जाएंगे। बीएचईएल के कन्वेंशन हॉल में मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक व माइक्रो ऑब्जर्वर की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम चरण मतगणना है जोकि अति महत्वपूर्ण कार्य है। इसलिए मतगणना कार्य को त्रुटि रहित संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि जिस कर्मठता से अपने दायित्वों का पालन करते हुए मतदान शांतिपूर्ण रूप से संभव हुआ, मतगणना में भी आप इसी प्रकार प्रदर्शन को दोहराते हुए मतगणना भी संपन्न कराएं।

### राष्ट्र हित में पर्यावरण मंजूरी को खारिज किया जाने की मांग

हरिद्वार। मातृसदन के संस्थापक स्वामी शिवानंद ने गुरुवार को प्रकृति और राष्ट्रहित में पर्यावरण मंजूरी को तत्काल खारिज करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि बीते बुधवार को दिल्ली का तापमान पचास डिग्री आसपास पहुंच गया। यह सब प्राकृतिक से छेड़छाड़ का नतीजा है। स्वामी शिवानंद ने कहा कि उत्तराखंड के भीतर ही तमाम जंगलों को काटने के प्रस्ताव पास हो रहे हैं। एक बार प्रस्ताव पारित होने पर उसे सीधा मंजूर कर लिया जाता है। हिमालय की रक्षा नहीं की गई, हिमालय की नदियों को नहीं बचाया गया, समस्त बांधों को नहीं तोड़ा गया तो विनाश निश्चित है। नदियों को रहने दो, उनकी शीतलता को रहने दो, सारी मछलियां खत्म कर दी, क्लोरीन गैस छोड़ कर जल जीवन का दम घोट दिया।

### भीषण गर्मी के चलते बुखार, उल्टी-दस्त की चपेट में आ रहे हैं बच्चे

हरिद्वार। भीषण गर्मी के चलते जिला अस्पताल में गुरुवार को उल्टी, दस्त, बुखार और चक्कर आने से पीड़ित 11 बच्चों को भर्ती कराया गया जबकि मेला अस्पताल में लू की चपेट में आए एक व्यक्ति को भर्ती किया गया। मेला अस्पताल में रोजाना लू की चपेट में आ रहे 25 मरीज आ रहे हैं।जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शशिकांत ने बताया कि गर्मी बढ़ने से उनके पास आने वाले 70 फीसदी बच्चे उल्टी, दस्त, बुखार से पीड़ित हैं। बताया कि गुरुवार सुबह अस्पताल में पहले से भर्ती उल्टी, दस्त, बुखार से पीड़ित बच्चों को स्वास्थ्य लाभ मिलने पर घर भेज दिया गया। इसके बाद दोपहर तक भीषण गर्मी के चपेट में आने से बीमार 11 बच्चों को भर्ती किया गया।

### कूड़े में बायोमेडिकल वेस्ट मिलने पर नगर आयुक्त नाराज

हरिद्वार। नगर आयुक्त वरुण चौधरी ने सराय में कूड़ा निस्तारण प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट में कूड़े में बायोमेडिकल वेस्ट मिलने पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कूड़े में बायोमेडिकल वेस्ट डालने वाले संस्थान के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।नगर आयुक्त ने कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट के निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों की समस्या सुनी और उसके निराकरण के निर्देश दिए। नगर आयुक्त वरुण चौधरी से मिलने पहुंचे स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात में प्लांट के बाहर पानी भरने की समस्या से जूझना पड़ता है। इतना ही नहीं बारिश में जमा पानी से दुर्गंध भी आती है।

# हरिद्वार : नहर में जाल पर फंसी मिली चार लाशें, नहाते समय बह जाने की आशंका

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 31 मई : हरिद्वार के मोहम्मदपुर झाल में एक युवक ने शव अटका हुआ देखा, इसके बाद उसके पीछे लगातार तीन अन्य शव भी लटके मिले, युवक ने शोर मचाना शुरू कर दिया। फिर स्थानीय मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी।बीटी दोपहर के समय एक युवक ने मोहम्मदपुर झाल में एक शव को लटकते देखा जैसे ही वो आगे गया तो उसे एक के बाद एक कुल चार शव झाल पर अटके दिखाई मिले। जिसे देख वो डरकर चिल्लाने लगा, आवाज सुनकर स्थानीय लोग पास आए और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।



पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी शव बाहर निकाले। लेकिन अभी एक भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। चारों युवकों ने अंडरवियर पहना हुआ है और सभी की उम्र लगभग 30-32 वर्ष बताई जा रही रही है। आशंका जताई जा रही है कि गंगनहर में नहाते समय युवक डूबे होंगे पुलिस शिनाख्त का प्रयास कर रही है।देशभर में गर्मी के प्रकोप के चलते आजकल हर मैदानी क्षेत्रों से लोग नदियों के समीप बसे शहर जैसे ऋषिकेश, हरिद्वार में नहाने के लिए आते हैं और कई बार प्रशासन के मना करने के बावजूद भी लोग ऐसे स्थान पर नहाते हैं जहाँ पर पानी का बहाव तेज होता है या गहराई होती है। जिससे अनहोनी हो जाती है। इस सीजन भी बहुत से ऐसे मामले आए जहाँ नदी में डूबने से कई लोगों की मौत हो चुकी है। लेकिन फिर भी लोग सावधानियां नहीं बरत रहे हैं। पुलिस ने अपील की है कि प्रशासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करें।

# ऋषिकेश : राजस्थान से घूमने आया था परिवार, चार साल के मासूम की स्विमिंग पूल में डूबने से हुई मौत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश 31 मई : लक्ष्मण झूला क्षेत्र के एक रिसोर्ट में बीते दिन एक बच्चा बेहोशी की हालत में स्विमिंग पूल में पड़ा मिला। बच्चे को उपचार के लिए एम्स में भर्ती किया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रिजॉर्ट संचालक की इस लापरवाही के संबंध में पुलिस ने तहसील प्रशासन को पत्र भेजा है।बीते दिन प्रियांश निवासी, राजस्थान अपने परिवार के साथ ऋषिकेश घूमने आए हुए थे।




परिवार सहित वे थाना लक्ष्मण झूला क्षेत्र के घट्टू घाट स्थित रिजॉर्ट क्रीक में रुके, रात लगभग 08.30 बजे जब वे रिजॉर्ट से जाने के लिए तैयार हुए तो उनका बच्चा अदवय उनके पास में नहीं था। उन्होंने रिसोर्ट में चारों तरफ ढूंढा अँधेरे ज्यादा होने के कारण उन्हें काफी देर बाद अदवय स्विमिंग पुल में बेहोशी की हालत में मिला। उसे रेस्क्यू कर वे तुरंत एम्स में ले गए लेकिन चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी ने बताया कि प्रथम दृष्टया अदवय की मृत्यु स्विमिंग पूल में डूबने और रिजॉर्ट प्रबंधन की लापरवाही के कारण हुई है। परिजनों ने रिसोर्ट प्रबंधक पर लापरवाही का आरोप लगाया है और बताया कि स्विमिंग पुल पर कोई सुरक्षा गार्ड व लाईफ गार्ड नहीं था और न ही यहां पर लाइट की कोई उचित व्यवस्था थी, जिस कारण यह बड़ा हादसा हुआ है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस अपने स्तर पर कार्रवाई करेगी।

# उत्तराखंड : नौकरी दिलाने और जल्द अमीर बनाने के नाम पर युवक से लाखों की ठगी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हल्द्वानी 31 मई : पीड़ित युवक ने अज्ञात लोगों के खिलाफ साइबर सेल में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि नौकरी और जल्द अमीर बनने के नाम पर ठगों ने उस से 7 लाख से अधिक की धोखाधड़ी की है। मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है, इसके साथ ही पुलिस ने जनता से इस तरह के फ्रॉड से सावधान रहने के अपील की है।

पीड़ित बृजराज रौतेला निवासी मुखानी थाना क्षेत्र ऊंचापुल ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में तहरीर देकर बताया कि 16 मई 2024 को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया जिसमें नौकरी देने की बात कही गई थी। इसके बाद बृजराज ने उस नंबर पर कॉल करके उनसे संम्पर्क किया जिसमें उन्होंने बताया कि आपको एक लिंक भेजा गया है आप इसपर ऑनलाइन 210 रूपये जमा कर दो। पीड़ित युवक ने तुरंत नौकरी के लालच में पेंसे ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद युवक की बात टेलीग्राम पर एक महिला से होने लगी जो उसे गूगल रिव्यू और क्रिप्टो में पैसे लगाने के लिए कहती थी।




अब युवक को मेसेज भेजकर कहा गया कि 1000 हजार रुपए डालने पर आपके अकाउंट में 1500 रुपए की धनराशि वापस मिल जाएगी। जिस पर उसने तुरंत एक हजार रुपए डाल दिए और अगले दिन ही उसे पंद्रह सौ रुपए प्राप्त हो गए। फिर जालसाजों ने उस से 3000 रुपए जमा करवाए और 12 घंटे के अंदर ही उसे 4300 रुपए प्राप्त हो गए। अब युवक पूरी तरीके से उनके जाल में फंस चुका था उसे लगने लगा की अब मोटा मुनाफा बनेगा। उसने फिर 17 मई से लेकर 19 मई तक कुल 7 लाख 775 रुपए ऑनलाइन जमा किए, जिसके बाद जालसाजों ने सभी सम्पर्क मिटा दिए और उनका फोन भी बंद आने लगा। युवक को एहसास हो गया कि वह ठगी का शिकार हो चुका है। तब जाकर उसने पुलिस को इसकी सूचना दी, एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि साइबर अपराधों को लेकर लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी लोग साइबर अपराधियों के जाल में फंस रहे हैं।

# Credit Card का करते हैं इस्तेमाल तो भूलकर भी न करें ये गलती


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 31 मई : क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने के कई फायदे हैं. क्रेडिट कार्ड यूज करने पर आपको करीब 45 दिन तक बिना ब्याज के लोन मिल जाता है, शॉपिंग करने पर रिवॉर्ड पॉइंट्स मिलते हैं और क्रेडिट हिस्ट्री भी बनती है.लेकिन कई बिलों को मैनेज करना और उनका समय रहते पेमेंट करना याद रखना मुश्किल हो सकता है. वहीं, अगर आपने क्रेडिट कार्ड पेमेंट के लिए ऑटो पर चालू नहीं है तो आप बिल का पेमेंट करना भूल सकते हैं. ऐसे में अगर आप कार्ड का बिल समय पर नहीं भर पाते हैं तो मुश्किल खड़ी हो सकती है.

जी हां, क्रेडिट कार्ड बिल देर से पेमेंट करने पर आपको बड़ी परेशानी हो सकती है. पहले तो देर से पेमेंट करने पर थोड़ा जुर्माना लगता था, लेकिन अब ये चार्ज काफी बढ़ गए हैं. यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि आपको क्रेडिट कार्ड बिल भरने का कितना समय मिलता है. इसके साथ ही हम आपको बताएंगे कि क्रेडिट कार्ड पर कंपनी आपसे क्यों पेनल्टी चार्ज करती है और यह कैसे कैलकुलेट किया जाता है।

क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट के लिए कितना समय मिलता है ?सबसे पहले ये जान लें कि क्रेडिट कार्ड बिल का पेमेंट करने के लिए आमतौर पर 14 से 50 दिनों का समय दिया जाता है. लेकिन इस पीरिएड में भी क्रेडिट कार्ड पेमेंट नहीं करने पर क्रेडिट कार्ड पर चार्ज लगाया जाता है. इसके अलावा ICICI बैंक सहित कई क्रेडिट कार्ड कंपनियां आपको ब्याज से बचने का एक मौका मिलता है. इसे ग्रेस पीरियड कहते हैं. यह वह समय होता है जब आप क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करते हैं, लेकिन उस पर आपको ब्याज नहीं देना होता है. ICICI बैंक में, यह ग्रेस पीरियड आम तौर पर 18 से 48 दिनों के बीच का होता है.

क्रेडिट कार्ड बिल समय से नहीं भरने पर क्या होगा ?ऐसी स्थिति में आपका पेमेंट कितना लेट है और आपके कार्ड के नियम क्या हैं, इसके हिसाब से चार्ज लगेगा. आप




क्रेडिट कार्ड का बिल पेमेंट जितना लेट करेंगे उतना ही इंटरेस्ट रेट बढ़ता जाएगा.अगर आपने ड्यू डेट यानी जमा करने की आखिरी तारीख तक पेमेंट नहीं किया तो न सिर्फ पेनल्टी लगेगी, बल्कि रोजाना ब्याज भी लगेगा. आपके क्रेडिट कार्ड पर लगने वाला ब्याज कैसे तय होता है ?भारत में क्रेडिट कार्ड पर लगने वाला ब्याज सालाना दर के हिसाब से तय होता है.

यह महीने का ब्याज नहीं है, बल्कि पूरे साल का ब्याज है. लेकिन, हर महीने के खर्च पर लगने वाले ब्याज को मासिक दर (Monthly Percentage Rate - MPR) के हिसाब से कैलकुलेट किया जाता है. यह APR और MPR दोनों ही अलग-अलग बैंकों और आपके क्रेडिट कार्ड के प्रकार के हिसाब से बदलते रहते हैं.इसलिए, जब आप क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई करें, तो बैंक से जरूर पूछें कि आपके कार्ड पर कितना APR लगेगा.क्रेडिट स्कोर पर होगा बुरा असरसरकारी नियमों के मुताबिक, इस ब्याज पर 18% GST भी देना होगा. इससे इंटरेस्ट बढ़ जाएगा और आपका क्रेडिट स्कोर भी गिर सकता है. क्रेडिट स्कोर जितना कम होगा,आपको लिए लोन लेना उतना ही मुश्किल हो जाएगा.क्रेडिट कार्ड पर लगने वाले पेनाल्टी से बचना है तो बिल समय पर भरना न भूलें.अगर आपको क्रेडिट कार्ड का फायदा उठाना है तो बिल समय पर भरना ही सबसे बेहतर है.

## छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया

हरिद्वार। धनपुरा में युवाओं और दुकानदारों ने छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। इस दौरान जाहिद हसन, खालिद हसन, डॉक्टर बखीर, इस्लाम अली पान परोस, सलीम, फरमान, टफी, वसीम, मुराद अली मौजूद रहे। बताया कि सुबह से ही मीठे सरबत की छबील लगाकर लोगों को पानी पिलाया।

## चारधाम से जुड़े कारोबारियों के संयुक्त मार्चे ने किया आज बंद का ऐलान

हरिद्वार। टूर एंड ट्रेवल व्यवसायियों, व्यवसायिक वाहनों के मालिक और चालकों ने गुरुवार को चारधाम यात्रा को लेकर सीमित पंजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया। मायादेवी मैदान में इन संगठनों के संयुक्त मोर्चे ने इसी मामले को लेकर शुक्रवार को व्यवसायिक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रखने का ऐलान किया है।चारधाम यात्रियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में यात्रियों की संख्या तय कर दी गई है। टूर ऑपरेटर एसोसिएशन, टैक्सी मैक्सी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, हरिद्वार टैक्सी ड्राइवर एंड ऑनर्स एसोसिएशन और हरिद्वार ट्रेवल एसोसिएशन, टैम्पो ट्रेवल यूनियन शुरू से ही सरकार के इस आदेश का विरोध कर रही हैं। गुरुवार को मायादेवी मैदान में चारधाम यात्रा से जुड़े कारोबारियों की बैठक इसी बात को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

## तीर्थ पुरोहितों ने भीषण गर्मी से राहत के लिए गंगा में किया जप

हरिद्वार। तीर्थ पुरोहितों ने गंगा में खड़े होकर सूर्यदेव से प्रार्थना की कि अपने ताप को कम करें, जिससे लोगों को राहत मिल सके। तीर्थ पुरोहित उज्ज्वल पंडित ने बताया की सनातन धर्म में हर कोई खुश रहे, हर कोई सभी बीमारियों से मुक्त हो। हर किसी को अच्छाई और शुभता दिखे, कोई भी दुखी या व्यथित न हो। इस भाव के साथ उपासना की जाती है। वर्तमान में भीषण गर्मी के चलते मनुष्य के साथ ही जीव जंतु भी परेशान हो रहे हैं। पहाड़ और जंगल धधक रहे हैं। वाहनों, इमारतों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं।

## चोरी के सामान के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। श्यामपुर पुलिस ने गुरुवार को चोरी की घटना का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तीनों आरोपियों के पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ है।क्षेत्र की ज्योति वर्मा निवासी ग्राम गाजीवाली थाना श्यामपुर ने बीते मंगलवार को अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की टीम ने 48 घंटे के अंदर चोरी का खुलासा किया है। एसओ नितेश शर्मा ने बताया कि दानिश पुत्र जिन्दा हसन निवासी ग्राम खाद गोदाम के पास कटारपुर थाना पथरी, जावेद पुत्र अबरार निवासी ग्राम खाद गोदाम के पास कटारपुर थाना पथरी, सोएब पुत्र मकसूद निवासी ग्राम भिक्कमपुर थाना लक्सर को चंडीघाट नहर पटरी से गिरफ्तार कर लिया गया।

# चुनाव आयोग का आंकड़ा : मतदाता बढ़े, मतदान घटा

हर्ष रंजन (वरिष्ठ पत्रकार)
न्यूज़ वायरस नेटवर्क



2019 में भी आम चुनाव सात चरणों में हुए थे और 2024 में भी चुनाव सात चरणों में ही हो रहे हैं। 2019 में नतीजे 25 मई को घोषित कर दिए गए थे। इस बार 4 जून को आएंगे। लेकिन एक चौंकाने वाली बात इस बार ये है कि मतदाताओं की संख्या 2019 के 89.6 करोड़ के मुकाबले लगभग सात करोड़ बढ़ कर 96.8 करोड़ करोड़ हो गई है। इसके बावजूद पहले पांच चरणों में मतदान में करीब 19.4 करोड़ वोटों की गिरावट दर्ज की गई है। यह डेटा चुनाव आयोग द्वारा मुहैया कराए गए हैं।

2024 के पांच चरणों में 2019 के मुकाबले दो सीटें ज्यादा यानी 428 पर चुनाव हुआ, पांच साल पहले 426 पर पांच चरणों में वोट डाले गए गए थे। 2019 में इसी अंतराल में 70.1 करोड़ वोट डाले गए थे जबकि इस बार 50.7 करोड़ वोट डाले गए हैं। यह वो डेटा है जिसे चुनाव आयोग ने पांच चरणों के लिये अंतिम या फाइनल आंकड़े के रूप में जारी किया है।

पहले चरण की स्थिति

चुनाव आयोग के मुताबिक 2024 के पहले चरण में 102 सीटों पर कुल 11 करोड़ 52 हजार 103 वोट पड़े। 2019 के आम चुनाव में पहले चरण में 14 करोड़ 20 लाख 54 हजार 978 वोट पड़े थे और सिर्फ 91 सीटों पर वोटिंग हुई थी। इस बार 12 सीटें ज्यादा होने और मतदाता बढ़ने के बावजूद पहले चरण में 2019 की तुलना में 3.2 करोड़ वोट कम पड़े हैं।

दूसरे चरण की स्थिति

दूसरे चरण में ज्यादा सीट होने के बावजूद गिरावट ज्यादा बड़ी दर्ज की गई। 2019 में दूसरे चरण में महज 88 सीटों पर चुनाव हुआ था, 2024 में दूसरे चरण में 95 सीटों पर चुनाव हुआ। दूसरे चरण में ज्यादा सीटों पर चुनाव होने के बावजूद 10 करोड़ 58 लाख 30 हजार 572 वोट डाले गए। जबकि 2019 में कम सीटें होने के बावजूद 15 करोड़ 52 लाख 49 हजार 472 वोट डाले गए थे।

तीसरे चरण की स्थिति

तीसरे राउंड में अगर 2019 से तुलना करें तो 2024 में सीटें कम थीं।2024 में तीसरे चरण में 2019 के आम चुनाव की तुलना में 7.5 करोड़ वोट कम डाले गए। हालांकि 2019 के तीसरे चरण में 117 सीटों पर वोट पड़े थे और कुल 18 करोड़ 85 लाख 9 हजार 156 लोगों ने वोट डाले थे। 2024 के तीसरे चरण में सिर्फ 93 सीटों पर वोट पड़े और 11करोड़ 32 लाख 34 हजार 676 लोगों ने वोट डाले।

चौथे चरण की स्थिति

इस बार चौथे चरण में सुधार हुआ लेकिन फिर भी वो 2019 के चौथे चरण से कम रहा। चौथे चरण में वोटों का अंतर 57.9 लाख है। 2024 के तीसरे चरण में सीटों की कुल तादाद 2019 की तुलना में 24 अधिक है।

2019 में 72 सीटों पर 12 करोड़ 82 लाख 67 हजार 429 लोगों ने वोट डाले थे लेकिन 2024 में 96 सीटों पर 12 करोड़ 24 लाख 69 हजार 319 लोगों ने वोट डाले हैं।

पांचवें चरण की स्थिति


पांचवें चरण में दो सीटों के मामूली अंतर के बावजूद मतदान करने लोग कम निकले। 2019 में पांचवें चरण में 51 सीटों पर 8 करोड़ 75 लाख 88 हजार 722 मतदाताओं ने वोट डाले थे। 2024 में 49 सीटों पर 5 करोड़ 57 लाख 10 हजार 618 मतदाताओं ने वोट डाले। इस तरह 2019 के मुकाबले इस बार 3.1 करोड़ कम लोगों ने वोट डाले।

छठे चरण की स्थिति

छठा चरण बाकी चरणों की तुलना में थोड़ा ठीक रहा फिर भी 2019 के मुकाबले वोटरों की संख्या मामूली तौर पर कम रही है। इस बार छठे चरण की 58 सीटों के लिये वोटरों की कुल संख्या 11करोड़ 13 लाख 16 हजार 606 थी जिसमें से कुल 7 करोड़ 5 लाख 44 हजार 933 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो 63.37 प्रतिशत बनता है। 2019 में परिसीमन के बाद बने अनंतनाग-राजौरी सीट को छोड़ कर इन सीटों पर 64.73 प्रतिशत वोट पड़े थे।

# देहरादून : विदेश से लाकर बदला गया रेटिना, ढाई घंटे तक चला निःशुल्क ऑपरेशन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 31 मई : एक 64 वर्षीय व्यक्ति की आंख की रेटीना का पर्दा हट गया था, जिसमें टाइटेनियम मैक्यूलर बकल लगाकर डॉक्टरों द्वारा सफल सर्जरी की गई। यह ऑपरेशन ढाई घंटे तक चला जो कि आयुष्मान कार्ड की मदद से एकदम निशुल्क किया गया।उत्तराखंड के नेत्र चिकित्सकों को पहली बार एक बड़ी सफलता हाथ लगी है हरिद्वार में आखों के रेटिना के पर्दे हटने की टाइटेनियम मैक्यूलर बकल लगा कर सफल सर्जरी की गई है।

नेत्र विशेषज्ञ और सर्जन डॉ चिंतन देसाई ने हरिद्वार में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 64 वर्षीय एक व्यक्ति के आँखों की रौशनी बिल्कुल चली गई थी और दूसरी आंख का पर्दा भी फटा हुआ था तथा मरीज के आँखों की लम्बाई सामान्य से भी अधिक थी। उनकी आँखे बड़ी होने और आँखों का पर्दा हटने के कारण दूर की नज़र में उन्हें परेशानी हो रही थी। जिसके बाद विदेश से टाइटेनियम मैक्यूलर बकल मंगाया गया और फिर मरीज की सफल सर्जरी की गई है।

उन्होंने बताया कि भारत में सिर्फ सिलिकॉन का बकल मिलता है, टाइटेनियम मैक्यूलर बकल की सर्जरी में एक से डेढ़ लाख रुपये का खर्चा होता है लेकिन आयुष्मान कार्ड की मदद से मरीज की सर्जरी निशुल्क की गई है। हंस फाउंडेशन में इस सर्जरी को किया गया जो कि ढ़ाई घंटे तक चली और यह उत्तराखंड में पहली बार हुआ है। वर्तमान में मरीज हंस फाउंडेशन अस्पताल में भर्ती है।

# वाहन चोरी की घटनाओं का आरोपी दबोचा, आठ वाहन रिकवर

हरिद्वार। कोतवाली रानीपुर पुलिस ने गुरुवार को दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा कर एक आरोपी को दबोचा है। उसकी निशानदेही पर चोरी के आठ दोपहिया वाहन बरामद किए गए। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने पुलिस टीम की पीठ थपथपाई है। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 मई को विनय पुत्र विजयपाल निवासी सलेमपुर की बाइक सलेमपुर चौक से चोरी कर ली गई थी। घटना के खुलासे के लिए गैस प्लांटचौकी प्रभारी मनोज नौटियाल की अगुवाई में पुलिस टीम गठित की गई थी। बताया कि पुलिस टीम ने बुधवार देररात एक आरोपी गौरव उर्फ नीशू पुत्र राजीवकुमार स्टेट बैंक कालोनी कस्बा धामपुर को रेगुलेटर पुल के पास से पकड़ लिया। उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद हुई।

# युवक को बंधक बनाकर पीटा, मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। मामूली विवाद पर युवक को बंधक बनाकर पिटाई और जातिसूचक शब्द कहने के आरोप में बहादराबाद पुलिस ने गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में राहुल कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम शिमलाना थाना बडगांव जिला सहारनपुर ने बताया कि वह एक कंपनी में चार साल से कार्यरत है। आरोप है कि 24 मई को कंपनी से उसे फोन कॉल आई। कुछ समय बाद वह कंपनी पहुंच गया, जहां दो घंटे तक उसे बैठाकर रखा गया। फिर गाली गलौज कर उसे पुलिस चौकी ले जाते समय तेजप्रताप पुत्र तेजपाल सिंह ने मारपीट कर दी और जातिसूचक शब्द भी कहे गए। डराया धमकाया गया कि शिकायत की गई तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। एसओ नरेश राठौड़ ने बताया कि एससीएसटी एक्ट, मारपीट, गाली गलौज समेत प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# तम्बाकू से नाता तोड़ो, स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो विषय पर, छात्रों को किया गया जागरुक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 31 मई : विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर से पूर्व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) उत्तराखंड द्वारा देहरादून स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के सहयोग से तम्बाकू रोकथाम व उसके दुष्प्रभावों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं को तम्बाकू से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरुक करते हुए स्वाति एस भदौरिया, मिशन निदेशक, एन.एच.एम. द्वारा छात्रों से कहा गया कि हम सभी अपने आसपास के लोगों को तम्बाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरुक करें और उन्हें इस खतरनाक आदत से मुक्ति प्राप्त करने के लिए मिशन निदेशक द्वारा बताया गया कि तम्बाकू किसी भी मात्रा में लेने पर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि उनके आस-पास के लोगों के लिए भी, विशेष रूप से गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशुओं व बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। तंबाकू का सेवन कई जानलेवा बीमारियों का कारण बनता है, जिसमें कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों व मस्तिष्क की बीमारियाँ शामिल हैं।

कार्यक्रम में मौजूद छात्रों से आग्रह करते हुए मिशन निदेशक द्वारा कहा गया कि बच्चों को किसी नएपन की खोज में तंबाकू को न चुनकर बल्कि किसी साहसिक खेल जैसे बंजी जंपिंग, स्नो स्की, माउंटेन क्लाइंबिंग, आदि को अपनाना चाहिये। हम सभी को साझा संघर्ष करने का निर्णय लेना चाहिए ताकि हम सभी एक स्वस्थ और सकारात्मक समाज की ओर अग्रसर हो सकें। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर हम सभी को तम्बाकू के खिलाफ लड़ाई में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक व फ्लैश मॉब के जरिए तम्बाकू रोकथाम पर जागरुक किया गया व साथ ही गणमान्य अतिथियों द्वारा तम्बाकू रोकथाम पर आयोजित पैनल डिस्कशन में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।डॉ आदित्य सिंह, प्रभारी अधिकारी, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन.टी.सी.पी.) द्वारा बताया गया कि राज्य के समस्त जनपदों में तम्बाकू का उपयोग रोकने के लिए सिगरेट तथा अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन आपूर्ति और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 (कोटपा) को राज्य में लागू किया गया है। कोटपा, 2003 के उल्लंघन पर व्यक्तियों का चालान काटा जाता है एवं अर्थदण्ड की वसूली की जाती है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन हेतु सहयोग के लिए स्कूल के प्रिंसिपल व स्टॉफ का धन्यवाद किया।कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल बी.के. सिंह ने छात्र-छात्राओं को अवगत कराया कि तम्बाकू का सेवन सेहत के लिए जानलेवा है। धूम्रपान मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक असर डालता है। बीड़ी, सिगरेट और गुटखा आदि के सेवन से कई तरह की बीमारियाँ होने का खतरा बढ़ जाता है।

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का उद्देश्य तम्बाकू के दुष्प्रभावों तथा तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम के प्रति जागरूक करना है। राज्य के सभी जनपदों के जिला चिकित्सालयों में तम्बाकू नशा उन्मूलन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। जनपद स्तर पर जिला स्तरीय समन्वयन समिति तथा टास्क फोर्स के गठन से प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे सार्वजनिक स्थानों तथा शैक्षणिक संस्थानों में धूम्रपान कम होगा।कार्यक्रम में स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सुजाता सिंह व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से प्रभारी अधिकारी डॉ अजय कुमार नगरकर, डॉ फरीदुजफर, डॉ पकंज सिंह, डॉ अर्चना ओझा, डॉ आकांक्षा निराला आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे

## नई टिहरी को चारधाम यात्रा से जोड़ने की मांग

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित को सौंपे ज्ञापन में संगठनों ने बताया कि पुरानी टिहरी चारधाम यात्रा का केंद्र बिंदु था। देश-विदेश से चारधाम यात्रा पर जाने वाले लोग पुरानी टिहरी होकर जाते थे। जिससे वहां पर हमेशा व्यापारिक और पर्यटन गतिविधियां चलती रहती थी। लेकिन टिहरी के डूबने के बाद विस्थापित शहर नई टिहरी यात्रा मार्ग पर अलग थलग हो गया है। जिस कारण यहां पर व्यापारिक गतिविधियां बेदह कम हो गई है। रोजगार के लिए लगतार पलायन बढ़ता जा रहा है। इन दिनों चारधाम यात्रा चरम पर है। यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण ऋषिकेश, हरिद्वार से चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को बुकिंग नहीं मिल पा रही है।

## देवप्रयाग के पाबौ-घुड़ेतगांव के जंगलों में भड़की आग

नई टिहरी। बुधवार शाम चपरोली ग्राम पंचायत के दो किमी क्षेत्र तक फैले चीड़ के जंगल में दोबारा आग भड़क गई। चोटी पर तेज हवा से यहां आग तेजी से फैल गयी जिससे गुरुवार को भी जंगल आग से सुलगते रहे। इससे पाबौ, घुडेत आदि के ग्रामीणों को भारी धुएं और गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं, जल स्रोतों पर भी जंगलों में लगी आग का असर पड़ा है। ग्राम प्रधान चपरोली टीना देवी के अनुसार उनकी ग्राम पंचायत के जंगलों में लगातार दूसरी बार आग फैलने से ग्रामीण काफी परेशान हैं।

# देवभूमि पत्रकार यूनियन द्वारा मनाया गया पत्रकारिता दिवस एवं अभिनंदन समारोह

## सामाजिक मूल्यों को जीवित रखना एक पत्रकार का धर्म : भगत सिंह कोश्यारी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 30 मई। देवभूमि पत्रकार यूनियन (पंजी.) द्वारा आज पत्रकारिता दिवस एवं अभिनंदन समारोह मनाया गया। यह कार्यक्रम महावीर जैन कन्या पाठशाला, तिलक रोड, देहरादून में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भगत सिंह कोश्यारी (पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री), डॉ. सुधा पांडेय (पूर्व कुलपति), विशिष्ट अतिथि के रूप में रवि बिजरानिया (उप-निदेशक सूचना एवं लोक संपर्क विभाग) मौजूद रहे एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. देवेंद्र भसीन (वरिष्ठ पत्रकार) और योगेश भट्ट ( सूचना आयुक्त उत्तराखंड सरकार) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगत सिंह कोश्यारी ने मीडिया और पत्रकारिता के वर्तमान परिस्थितियों पर प्रकाश डाला और नारद मुनि जी को याद करते हुए कहा हमें निरंतर सामाजिक मूल्यों के लिए काम करना है और उन मूल्यों को जीवित रखना है, उन्होंने राजनीतिक और पत्रकारिता के के ऊपर भी प्रकाश डाला और कहां पत्रकारिता को एक मिशन के रूप में करना चाहिए और उसमें प्रोफेशनली हर रूप में परफेक्ट होते हुए एक पत्रकार को हमेशा अपडेटेड रहना चाहिए और समाज के कल्याण और जनहित के लिए कार्य करते रहना चाहिए।

**पत्रकारिता दिवस एवं अभिनंदन समारोह में सामाजिक मूल्यों को जीवित रखने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया**

कार्यक्रम में मौजूद पूर्व कुलपति एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधा पांडे, उप निदेशक सूचना रवि बिजरानिया, पूर्व प्राचार्य एवम वरिष्ठ पत्रकार डॉ. देवेंद्र भसीन, सूचना आयुक्त, उत्तराखंड सूचना आयोग योगेश भट्ट आदि ने भी अपना वक्तव्य रखते हुए ₹मीडिया पर हावी होती राजनेतिक आकांक्षाएं₹ विषय पर प्रकाश डाला। इनके अतिरिक्त देवभूमि पत्रकार यूनियन के प्रदेश महासचिव डॉ.वी.डी.शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार हरीश मैखुरी, पत्रकार कुंवर राज अस्थाना आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों को उनके द्वारा किए गए कार्य और समाज में किए गए योगदान को ध्यान में रखते हुए सम्मानित भी किया गया है जिसमें डा.एम.आर सकलानी, रजनीश त्रिवेदी, लक्ष्मी प्रसाद बडोनी, रामगोपाल शर्मा, कुंवर राज अस्थाना, सुरेंद्र ढाका, राज्यमंत्री विनोद उनियाल, राज्यमंत्री डा.देवेंद्र भसीन, मेघा गोयल, महेश रावत आदि शामिल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विजय जायसवाल ने की वहीं मंच संचालन गोपाल सिंघल ने किया। मंच पर मुख्य अतिथियों के साथ यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, डा. चंद्र सिंह तोमर 'मयंक', वरिष्ठ समाजसेवी विशंभर नाथ बजाज, राज्यमंत्री श्रीमती विनोद उनियाल, प्रदेश अध्यक्ष देवभूमि जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन पं. सुभाष चंद्र जोशी उपस्थित रहे।देवभूमि पत्रकार यूनियन (पंजी.) की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार बंधुओं में एस.एन.उपाध्याय, शाक्त ध्यानी सूर्य प्रकाश भट्ट, शशिकांत मिश्रा, तेजराम सेमवाल, प्रेमलता भरतरी, राजेश भटनागर, दीपक धीमान, अशोक पांडे, दुष्यंत शर्मा, हरीश खनेडा, नवीन जोशी, रजत शर्मा, विकास कुमार, दीपक गुलानी, ऋतुराज गैरोला, गौरव भारद्वाज, शैलेंद्र पोखरियाल, राव इमरान, सुरेश चावला, मनमोहन बधानी, संदीप जनधारी, भरत पाठक, अरुण कुमार, अरुण मोगा, नरेश मनोचा, जगदीश बावला, वीरेंद्र वर्मा, रोबिन वर्मा, सुनील गुप्ता, मनमोहन शर्मा, गिरिधर शर्मा, आलोक शर्मा, दीपाली कश्यप, सुनीता शर्मा, तिलक राज, अशोक खन्ना आदि उपस्थित रहे।

# 1 जून से देशभर में होने जा रहे हैं ये बड़े बदलाव, आम आदमी पर होगा सीधा असर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




ब्यूरो रिपोर्ट 31 मई : 1 जून से आपके घर के खर्च से जुड़े नियमों में बदलाव होने जा रहे हैं. हर महीने की पहली तारीख से कई तरह के नए नियम लागू होते हैं. इस बार भी नियमों को पहले से ज्यादा सख्त बनाया जा रहा है. जून महीने में रसोई गैस सिलेंडर, बैंकों की छुट्टियां, आधार अपडेट और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों में बदलाव देखने को मिलने वाला है. इन बदलावों का सीधा असर आम आदमी पर पड़ने वाला है. इससे आपका बजट भी बिगड़ सकता है। तो आइए जानते हैं उन जरूरी नियमों के बारे में जो अगले महीने से बदल जाएंगे।

पेट्रोल-डीजल सहित एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव

हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें तय की जाती हैं. 1 जून को तेल कंपनियां गैस सिलेंडर की नई कीमतें तय करेंगी. मई में, कंपनियों ने कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में कमी की थी. अब उम्मीद है कि कंपनियां जून में भी एक बार फिर सिलेंडर की कीमतों में कमी कर सकती हैं. वहीं, हर दिन की तरह 1 जून को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव देखने को मिलने वाला है।

ड्राइविंग लाइसेंस के लिए नहीं लगाने होंगे RTO के चक्कर1 जून से नए परिवहन नियम लागू हो रहे हैं. इसके बाद ड्राइविंग लाइसेंस लेने के लिए सिर्फ आरटीओ में ही टेस्ट नहीं देना होगा.अब ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट पास करने में ज्यादा झंझट नहीं होगा.आप सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विशेष निजी संस्थानों में भी ड्राइविंग टेस्ट दे सकते हैं. इससे ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना आसान हो जाएगा.

ट्रैफिक के नियमों में भी सख्तीनए नियमों के तहत, ट्रैफिक के नियमों में भी सख्ती की जाएगी. 18 साल से कम उम्र के लोगों पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना लग सकता है. वहीं,ऐसा करने पर लाइसेंस रद्द होने के साथ-साथ 25 साल तक नया लाइसेंस नहीं मिलेगा. इसके अलावा अन्य नियमों का उल्लंघन करने पर भी जुर्माने का प्रावधान है. जिसमें तेज़ गति से गाड़ी चलाने वाले पर 1000 रुपये से 2000 रुपये,बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने परः 500 रुपये, हेलमेट न पहनने परः 100 रुपये और सीट बेल्ट न पहनने परः100 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा.14 जून तक फ्री में आधार कार्ड अपडेट की सुविधायूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी UIDAI के अनुसार,अगर आपने 10 साल से अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं किया है तो 14 जून तक फ्री में आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं. UIDAI पोर्टल पर आधार कार्ड अपडेट करने की सुविधा फ्री में दी जा रही है. हालांकि, 14 जून को बाद इस काम के लिए आपको पैसे देने पड़ सकते हैं. ये काम आप आधार सेंटर पर जाकर भी कर सकते हैं. अगर आप आधार सेंटर पर जाकर आधार कार्ड अपडेट करवाते हैं तो आपको 50 रुपये फीस के तौर पर देना होगा. जबकि UIDAI पोर्टल पर कोई चार्ज नहीं देना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ओवरहेड टैंक से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा पर्याप्त पानी

हरिद्वार। क्षेत्र के गांव खेड़ली में जल जीवन मिशन के तहत बनाए गए ओवरहेड टैंक से ग्रामीणों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। टैंक से जिस इलाके में पानी दिया जा रहा है वह दुर्गंध युक्त है। इससे ग्रामीणों में जल संस्थान के प्रति भारी रोष है l चार माह पहले प्रत्येक ग्राम सभा में पानी की सप्लाई के लिए ओवरहेड बनाए गए थे। नई पानी की लाइन भी बनाई गई। इसका लाभ आज तक लोगों को नहीं मिल पा रहा है। पानी के पाइप लीकेज हो रहे हैं। जगह-जगह सड़कों पर पानी बह रहा है। इससे पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता से की लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ।

### लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या को लेकर उद्यमियों ने घेरा ऊर्जा निगम का दफ्तर

हरिद्वार। बहादराबाद के उद्यमियों ने लो वोल्टेज और ट्रिपिंग को लेकर गुरुवार को शिवालिक नगर सब स्टेशन का घेराव किया। कहा कि समस्या का समधान नहीं होने पर शुक्रवार से मुख्य अभियंता के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बहादराबाद क्षेत्र में दो सौ से अधिक कंपनियों में लो वोल्टेज और लगातार ट्रिपिंग के चलते 50 फीसदी से ज्यादा काम प्रभावित हुआ है। गुरुवार को 40 फीसदी काम लो वोल्टेज के कारण प्रभावित हुआ है। बहादराबाद इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील पांडे ने कहा कि पिछले एक साल से बिजली घर नहीं चल पा रहा है। आए दिन लो वोल्टेज की समस्या से काम प्रभावित हो रहा है। 10 कंपनियों की मोटरें भी खराब हो गई हैं। मजदूर पूरे समय काम नहीं कर पा रहे हैं लेकिन मजदूरी हमें पूरी देने पड़ रही है।

### छात्र को विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी दबोचा

हरिद्वार। छात्र को पढ़ाई के लिए अमेरिका भेजने के नाम पर दस लाख की ठगी के आरोपी को बहादराबाद पुलिस ने गुरुवार को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। एसओ नरेश राठौड़ ने बताया कि एक अप्रैल को अलीपुर निवासी शहनवाज के पुत्र छात्र शाहजेब अली ने इस बारे में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया कि विशाल वर्मा, अंकुर, विपुल कारणीक ने उसे अमेरिका में पढ़ाई के लिए भेजने का झांसा दिया था। इसके बाद उससे करीब दस लाख की रकम ठग ली गई थी।

### जनरेटर में आग लगने से मची अफरा तफरी

हरिद्वार। हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर बहादराबाद टोल प्लॉजा में बुधवार देररात जनरेटर में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।सिटी कंट्रोल रूम को सूचना दी गई कि हाईवे पर टोल प्लाजा के निकट एक जनरेटर ने आग पकड़ ली है। सूचना मिलते ही मायापुर फायर स्टेशन से एक टीम मौके के लिए रवाना हो गई। दमकलकर्मियों ने पहुंचकर पाया कि टोल प्लाजा के जनरेटर सेट में आग लगी हुई है।

# Bank Holiday June 2024 : जून में इतने दिन बंद रहेंगे बैंक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 31 : Bank Holidays In June 2024: जून का महीना शुरू होने वाला है, तो अगर आपका बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम है, तो उसे इस महीने के शुरुआत में ही निपटा लेना अच्छा रहेगा. ये हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि हर महीने की तरह जून में भी कई दिन बैंकों की छुट्टियां रहने वाली हैं.

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा जारी की गई छुट्टियों की लिस्ट के अनुसार, जून में कुल 12 दिन बैंक बंद रहने वाले हैं। जून में कुल 12 दिन बैंकों में नहीं होगा कामकाजरिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) की ऑफिशियल बेवसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक, जून में कुल 12 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा. हालांकि आरबीआई ने राष्ट्रीय स्तर पर बैंकों के छुट्टियों की ये लिस्ट जारी की है. इन 12 दिनों में अलग-अलग राज्यों में होने वाले कई त्योहारों के अलावा शनिवार और रविवार की साप्ताहिक छुट्टियां भी शामिल हैं।




जून 2024 में बैंकों की साप्ताहिक छुट्टियां: 2 जून 2024: रविवार के चलते देश भर में बैंक बंद रहेंगे.8 जून 2024: महीने के दूसरे शनिवार के चलते देश भर में बैंक बंद रहेंगे.9 जून 2024: रविवार के चलते देश भर में बैंक बंद रहेंगे.16 जून 2024: रविवार के चलते देश भर में बैंक बंद रहेंगे.22 जून 2024: महीने के चौथे शनिवार के चलते देश भर में बैंक बंद रहेंगे.26 जून 2024: रविवार के चलते देश भर में बैंक बंद रहेंगे30 जून 2024: रविवार के चलते देश भर में बैंक बंद रहेंगे.

जून महीने में बकरीद ,वट सावित्री व्रत समेत अलग-अलग त्योहारों और लोकसभा चुनावके चलते देश में राज्य स्तर पर भी कई दिनों के लिए बैंक बंद रहने वाले हैं. तो चलिए, इसके बारे में जानते हैं...9 जून 2024: महाराणा प्रताप जयंती के दिन हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में बैंक बंद रहेंगे.10 जून 2024: श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहादत दिवस के कारण पंजाब में बैंक बंद रहेंगे.14 जून 2024: पाहिली राजा के चलते ओडिशा में बैंक बंद रहेंगे.

15 जून 2024: YMA दिवस और ओडिशा में राजा संक्रांति के कारण बैंक बंद रहेंगे.17 जून 2024: ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर देश भर में ज्यादातर बैंक बंद रहेंगे.21 जून 2024: कई राज्यों में वट सावित्री व्रत के कारण बैंक बंद रह सकते हैं.बैंक की छुट्टी के दौरान कर सकेंगे ऑनलाइन बैंकिंग का इस्तेमालइसके अलावा देश में सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 1 जून को कई राज्यों में भी बैंकों की छुट्टी रहने वाली हैं. जब बैंक बंद रहेंगी तो इस दौरान आप बैंकिंग से जुड़ा कोई काम नहीं कर पाएंगे. इसलिए आप बैंक से जुड़े अटके काम जल्दी से निपटा लें ताकि आपको किसी भी असुविधा का सामना ना करना पड़े.

## श्रीनगर में अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल। ज्ञापन में नगर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, सुरेंद्र सिंह चौहान, बिरेंद्र सिंह नेगी, भगत सिंह रावत ने कहा कि नगर क्षेत्र में लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। इन दिनों मौसम लगातार गर्म बना हुआ है। गर्मी में बिजली कटौती से स्थानीय जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेसियों ने कहा कि चारधाम यात्रा चल रही है। ऐसे में होटल, रेस्टोरेंट कारोबारियों और अन्य स्थानीय दुकानदारों पर बिजली कटौती के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिसके कारण उन्हें व्यापार में नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही बिजली कटौती से पानी का संकट होने से जनता को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

## अंग्रेजी शराब के 83 पव्वों के साथ आरोपी गिरफ्तार

नई टिहरी। चंबा के थानाध्यक्ष एलएस बुटोला ने बताया कि बुधवार देर शाम को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लक्ष्मण जोशी, निवासी ग्राम रंजा एयरपोर्ट चौकी इप्रका जिला नेपालगंज बाके नेपाल हाल निवासी दिखोल गांव चंबा को अंग्रेजी शराब के 83 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## संपादकीय



## घटेगा मजदूरों का 'तापमान'

तमाम सीमाएं लांघते तापमान का सरोकार सिर्फ गरम मौसम से ही नहीं है, बल्कि उसके कई मानवीय और कामगार आयाम भी हैं। राजधानी दिल्ली का पारा अभूतपूर्व रूप से 52.9 डिग्री सेल्सियस तक उछल गया और राजस्थान के कई मरुस्थली इलाकों में 55 डिग्री को भी लांघ गया, तो मौसम विभाग के सेंसर और डाटा पर संदेह और सवाल किए जाने लगे। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजीजू ने अचानक बयान दिया कि यह तापमान का अधिकृत आंकड़ा नहीं है। दिल्ली में इतना तापमान हो ही नहीं सकता, लिहाजा अब सेंसर की जांच जारी है। शायद लीपापोती वाला कोई कारण बताया जाए! बहरहाल तापमान की डिग्री को हम एक तरफ सरका भी दें, तो बिहार के स्कूलों में 300 छात्र अचानक बेहोश क्यों हो गए? शिक्षक और पूर्व सांसद तक अचेत हो गए। सभी को अस्पताल ले जाने की नौबत क्यों आई? अंततः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सभी स्कूल बंद करने का आदेश देना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा को कवर करता हुआ एक टीवी पत्रकार भी बेहोश हो गया। यह दीगर है कि प्रधानमंत्री ने तुरंत अपनी टीम के लोगों को उसकी मदद करने को कहा। तमतमाती गर्मी और भीषण लू का प्रभाव तो है। राजधानी दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को आदेश जारी करना पड़ा कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक मजदूर और अन्य कामगार निर्माण-स्थलों पर काम नहीं करेंगे। कोई भी नियोक्ता या ठेकेदार उनके मेहनताने में कटौती नहीं करेगा। निर्माण-स्थलों के आसपास शीतल पेयजल की पर्याप्त और निरंतर व्यवस्था की जानी चाहिए। उपराज्यपाल का यह आदेश फिलहाल तब तक प्रभावी रहेगा, जब तक मौसम का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे न आ जाए। कामगारों का यह मुद्दा प्रत्यक्ष तौर पर देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा है। भारत में कुल 58 करोड़ से अधिक कामगार हैं। इसे देश का 'श्रम बल' कह सकते हैं। उनमें से 26 करोड़ से अधिक कामगार, भयानक गर्मी में भी, आसमान से बरसती आग में भी, काम करने को विवश हैं। विश्व बैंक सरीखे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की विश्लेषणात्मक रपटें हैं कि 2030 तक इन कामगारों की उत्पादकता, काम करने की क्षमता, कम हो सकती है। उनका 'तापमान' 6-10 फीसदी 'ठंडा' हो सकता है। उत्पादकता कम होगी, तो काम भी कम होगा, निर्माण-कार्य, खुदाई आदि कम होंगे, लिहाजा व्यापक संदर्भों में देश की अर्थव्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ेंगे। इसके अलावा घर, परिवार, शरीर, कमाई और अंततः जीवन पर गंभीर और घातक प्रभाव पड़ेंगे। महत्वपूर्ण पहलू यह है कि 50 डिग्री या उससे अधिक तापमान के लिए न तो हम मानसिक तौर पर तैयार हैं और न ही देश में आधारभूत ढांचा उपलब्ध है। बिजली का उत्पादन भी इतना नहीं है कि लोगों को पर्याप्त बिजली मुहैया कर सकें। हमारी जीवन-शैली भी ऐसी नहीं है। सरकार की नीतियां ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि हम 50 डिग्री या उससे ज्यादा तापमान के हालात से लड़ सकें।

# जंगल कटे, इमारते बनी और झुलसने लगा देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


ब्यूरो रिपोर्ट 31 मई ; स्ट्रेटोस्फेरिक एरोसोल स्कैटरिंग एक विधि है, जिसमें आसमान से 10 किमी नीचे स्प्रे के जरिए बारिश कराई जाती है. हालांकि, अधिकांश वैज्ञानिकों का कहना है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर और तेल-गैस का प्रयोग कम कर के ही गर्मी से राहत पाई जा सकती है. भारत के परिदृश्य में देखा जाए तो यहां एक तरफ तेल-गैस का प्रयोग बढ़ रहा है तो दूसरी तरफ पेड़ों की कटाई भी खूब हो रही है.साइंस डायरेक्ट पत्रिका के मुताबिक अगर गर्मी को रोकने के लिए ठोस उपाय नहीं किए गए, तो 2050 तक भारत की धरती पर रहना मुश्किल हो जाएगा. पत्रिका के मुताबिक 2050 में औसतन तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा की बढ़ोतरी हो सकती है.

1. पेड़ों की अंधाधुंध कटाई जारी

भारत में निर्माण के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई जारी है. सरकार के मुताबिक पिछले 5 साल में विकास और निर्माण के नाम पर 1 करोड़ से ज्यादा पेड़ काटे गए हैं. संसद में केंद्र की ओर से दिए गए बयान के मुताबिक साल 2016-19 तक देश में 76 लाख 76 हजार पेड़ सरकार द्वारा काटे गए. 2020-21 में भी 30 लाख पेड़ विकास के नाम पर कटे.

हालांकि, सरकार की ओर से यह भी दावा किया गया है कि पेड़ कटाई के बदले उसने पौधे भी लगाए हैं.

सरकारी आंकड़ों को छोड़ दिया जाए तो देश में पिछले 20 साल में 23 लाख हेक्टेयर से जंगल खत्म हो गया है. यह आंकड़ा ग्लोबल फॉरेस्ट वाच की तरफ से साल 2023 में जारी की गई थी. रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2002




से लेकर 2023 तक सबसे ज्यादा वनों का क्षरण असम, मिजोरम, अरुणाचल, नगालैंड और मणिपुर में हुआ है. खाद्य एवं कृषि संगठन के मुताबिक साल 2015-20 के बीच भारत में वनों की कटाई की दर 668,000 हेक्टेयर प्रति वर्ष थी, जो दुनिया भर में दूसरी सबसे अधिक है.

कंस्ट्रक्शन के काम में भी पीछे नहीं

भारत कंस्ट्रक्शन के काम में भी पीछे नहीं है. पिछले एक दशक में इसमें बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक साल 2014-23 तक नेशनल हाईवे के निर्माण में 60% की बढ़ोतरी हुई है.सड़क मंत्रालय के मुताबिक 2014 में राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण 91 हजार किमी में हुआ था, जो अब बढ़कर 1 लाख 41 हजार किमी को पार कर गया है. इस दौरान 4 लेन के निर्माण में भी 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है.

कनेक्टिविटी के नाम पर ग्रामीण सड़कों के निर्माण में भी काफी बढ़ोतरी हुई है. केंद्र के मुताबिक 2014 में प्रति दिन 11.6 किमी ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जा रहा था, जो 2023 में बढ़कर 28 किमी प्रति दिन हो गया. सड़कों के अलावा बिल्डिंग निर्माण में भी काफी तेजी से बढ़ोतरी हुई है. ग्लोबल कंस्ट्रक्शन पर्सपेक्टिव और ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के मुताबिक साल 2025 में 1.1 करोड़ घर का निर्माण भारत में होगा.एक अन्य प्राइवेट एजेंसी के मुताबिक कंस्ट्रक्शन सेक्टर में काफी तेजी आई है और साल 2030 तक इस सेक्टर में 1 अरब मजदूर होंगे, जो निर्माण का काम करेंगे.

गर्मी से बचने के लिए भारत में एयर कंडिशनर के प्रयोग का ट्रेंड बन गया है, जिसकी वजह से इसकी बिक्री और उपयोग में काफी बढ़ोतरी हुई है. एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में साल 2010 के मुकाबले 2023 में एयर कंडिशनर की बिक्री में 3 गुना की बढ़ोतरी हुई है. भारत में वर्तमान में हर 100 घर में से 24 घरों में एयर कंडिशनर का प्रयोग किया जाता है. इसी रिपोर्ट में आशंका जाहिर की गई है कि 2050 तक भारत में हर 100 में से 72 घरों में एसी होगा.

## परीक्षा स्थगित के नोटिफिकेशन पर घंटों तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में धरना देते रहें छात्र

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि ने एक जून को होने वाली एमएड, एमपीएड और बीएड प्रवेश परीक्षा स्थगित करने का नोटिफिकेशन निकाला, जिस पर छात्र भड़क उठे। आक्रोशित छात्र साढ़े दस बजे परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में वार्ता करने पहुंचे। इस दौरान छात्रों ने कहा कि एक जून को कई छात्रों की सेमेस्टर परीक्षा समाप्त होनी थी। साथ ही केंद्रीय विवि होने के चलते गढ़वाल विवि में देश भर के विभिन्न राज्यों के छात्र पढ़ते हैं। परीक्षा खत्म होने के बाद छात्रों ने घर जाने के लिए रेल का रिजर्वेशन करवाया था।

## गढ़वाल विवि में मानसिक स्वास्थ्य कल्याण विषय पर हुआ वेबिनार

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं मानसिक स्वास्थ्य कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य कल्याण विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार केंद्र पोषित सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं में मानसिक स्वास्थ्य कल्याण विषय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने का प्रयास सराहनीय है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। मुख्य अतिथि यूजीसी के संयुक्त सचिव डॉ. जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास है, विद्यार्थी मानसिक अवसाद, मानसिक तनाव से मुक्त रहे, यही शिक्षक का उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने इस आयोजन के लिए विवि को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रो. तोशेन्द्र द्विवेदी ने मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान दिया।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक: मो.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन: 0135-4066790, 2672002
RNI No.: UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No.: 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# यात्रा मार्गों पर घोड़े और खच्चरों की निगरानी कर रही 40 टीम : सौरभ बहुगुणा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





उत्तराखंड 31 मई : उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु आ रहे हैं, जिससे चारोंधामों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली थी, लेकिन अब यात्रा लगभग सामान्य हो गई है. यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की मौत हो रही है, तो वहीं दूसरी ओर घोड़े और खच्चरों की मौत के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं. दरअसल 20 दिनों में 20 घोड़े-खच्चरों की मौत हो चुकी है. यानी रोजाना एक घोड़े-खच्चर की मौत हो रही है. घोड़े-खच्चरों से क्रूरता के मामले में अभी तक दो संचालकों पर एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है.

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि घोड़े-खच्चर यात्रा में अपनी सहभागिता दे रहे हैं. चारधाम यात्रा शुरू होने से करीब एक महीना पहले ही हर जिले में छोटे-छोटे कैंप लगाकर घोड़े और खच्चरों का रजिस्ट्रेशन कराया गया था, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो. चारधाम यात्रा में 20 दिन का समय बीत गया है, लेकिन अभी तक पशुओं के उत्पीड़न का कोई भी वीडियो सामने नहीं आया है. उन्होंने कहा कि पिछली बार पशुओं के उत्पीड़न के तमाम वीडियो सामने आए थे, जिसको देखते हुए 40 लोगों की स्पेशल टीम बनाई गई, जो यात्रा मार्गों पर घोड़े और खच्चरों की निगरानी कर रही है।

सौरभ बहुगुणा ने कहा कि इस साल 7 वेटनरी डॉक्टर्स की तैनाती की गई है. सभी घोड़े और खच्चरों को पहली बार फ्री में एंटी टिटनेस के इंजेक्शन लगाए गए हैं. अभी तक 20 घोड़े-खच्चरों की मौत हुई है, जबकि पिछले साल 20 दिन में करीब 27 घोड़े -खच्चरों की मौत हुई थी. इस साल 2 घोड़ों की मौत गिरने से और कुछ घोड़ों की मौत स्ट्रेस की वजह से हुई है. उन्होंने कहा कि इस साल यात्रा थोड़ी लेट शुरू हुई है और गर्मी बहुत ज्यादा है, जिसको देखते हुए डॉक्टर्स को निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी की वजह से किसी भी पशु की मौत नहीं होनी चाहिए।

मंत्री ने कहा कि यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के लिए इस सीजन में जिस तकनीक से गर्म पानी की व्यवस्था की गई है, उससे हर समय गर्म पानी उपलब्ध हो रहा है. ऐसे में इस तकनीकी को यात्रा मार्गों पर तीन और जगह लगाया जाएगा, जिसके लिए टेंडर किए गए हैं, ताकि हर समय पर्याप्त मात्रा में घोड़े-खच्चरों को गर्म पानी उपलब्ध हो सके. उन्होंने कहा कि अभी तक 15 लोगों के चालान किए गए हैं, जबकि 140 कमजोर घोड़ों को यात्रा मार्ग से हटाया गया है ,

# चार धाम यात्रा : बीमार एवं घायल यात्रियों के लिए देवदूत का कार्य कर रहे सुरक्षा बल





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 31 मई : केदारनाथ धाम यात्रा में प्रतिबद्धता से अपनी ड्यूटी निभा रहे रेस्क्यू टीम के जवान यात्रियों के लिए किसी देवदूत से कम नहीं। खासतौर पर बीमार एवं चोटिल यात्रियों को रेस्क्यू करने एवं उपचार दिलाने के लिए कार्य कर रही रेस्क्यू टीम केदारनाथ यात्रा का अहम हिस्सा है। डीडीएमए, यात्रा मैनेजमेंट फोर्स, पीआरडी जवान, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ एवं पुलिस बल के संयुक्त प्रयासों से रेस्क्यू टीम विभिन्न पड़ावों पर कार्य कर रही है।

बीते रोज मध्य प्रदेश से केदारनाथ धाम में दर्शनों को पहुंची 69 वर्ष की उर्मिला देवी का पैर फ्रैक्चर हो गया। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम ने पहले उन्हें विवेकानंद अस्पताल में उपचार हेतु पहुंचाया। बाद में प्लास्टर लगने के बाद हेलीपैड पहुंचा कर उपचार हेतु हेली से रवाना कराया। वहीं तेलांगाना से यात्रा पर पहुंची 36 वर्षीय डुंडा लाहरी जो भीमबली के समीप घोड़े से नीचे गिर गई उसे डीडीआरएफ की रेस्क्यू टीम द्वारा पहले भीमबली एमआरपी में उपचार हेतु ले जाया गया। जहां से मिठ्ठी पानी, जंगलचट्टी, चीरबासा से गौरीकुण्ड तक विभिन्न पड़ावों की रेस्क्यू टीम ने उन्हें सुरक्षित पहुंचाते हुए उपचार हेतु रूद्रप्रयाग रवाना किया।

बता दें कि यात्रा प्रारंभ होने से अब तक ओपीडी एवं इमरजेंसी के माध्यम से 46,335 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा चुका है। इसके अलावा 2790 श्रद्धालुओं को ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं आपात स्थिति के तहत 4024 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा चुका है। जबकि अति आपातकाल जैसी स्थिति में अब तक 32 श्रद्धालुओं को विभिन्न क्षेत्रों से रेस्क्यू टीम गौरीकुंड तक रेस्क्यू कर एंबुलेंस के माध्यम से तथा 23 को हैली के माध्यम से हायर सेंटर रेफर किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया बताते हैं कि इनके अतिरिक्त केदारनाथ धाम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17001 श्रद्धालुओं की स्क्रीनिंग भी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि यात्रा आरंभ होने से ही स्वास्थ्य विभाग लगातार स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु गंभीर है।

जिला प्रशासन द्वारा हर पड़ाव पर तैनात रेस्क्यू टीम द्वारा नियमित किए जा रहे रेस्क्यू अभियान यात्रियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। रेस्क्यू सेवाओं का लाभ लेने वाले यात्रि एवं उनके परिजन इस व्यवस्था से प्रभावित होते हुए रेस्क्यू टीम एवं जिला प्रशासन का आभार जता रहे हैं।

# पिता और भाई की हत्या कर घर से भागी थी नाबालिग, हरिद्वार पुलिस ने किया गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



हरिद्वार 31 मई : 14-15 मार्च को मध्यप्रदेश के जबलपुर के मिलेनियम कॉलोनी में एक नाबालिग लड़की ने अपने पिता और भाई की हत्या कर दी थी। जिसके बाद नाबालिग फरार हो गई थी। लड़की मार्च महीने से फरार चल रही थी। अब नाबालिग लड़की को हरिद्वार में एक युवक के साथ भटकते हुए पकड़ा गया है।हत्या के इस मामले में नाबालिग लड़की और एक मुकुल कुमार सिंह नाम का शख्स आरोपी पाए गए हैं।

नाबालिग लड़की को पुलिस ने हरिद्वार में जिला हॉस्पिटल के निकट से हिरासत में लिया। वहीं युवक फरार हो गया है। पुलिस आरोपी युवक की तलाश में है।पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की, पूछताछ के दौरान लड़की ने पिता और भाई की हत्या में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। उसने बताया कि पिता और भाई की हत्या करने के बाद वो मुकुल कुमार के साथ फरार हो गई थी। जिसके बाद वे लोग खुद को पुलिस से बचाते हुए उत्तराखंड के हरिद्वार तक आ गए।एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि पुलिस ने अपराधी को पकड़ने के लिए जब चेकिंग अभियान चलाया तो, इसी दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि हरिद्वार में जिला अस्पताल के पास में एक जोड़ा है। इसमें लड़के का नाम मुकुल कुमार सिंह है और उसके साथ एक लड़की भी है। इन दोनों को जब पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया गया तो इस बीच बचाव करते हुए मुकुल कुमार सिंह मौके से फरार हो गया। लेकिन पुलिस ने लड़की को हिरासत में ले लिया। उसके बाद उससे पूछताछ की गई जिसमें लड़की ने अपना गुनाह मान लिया। पुलिस अब मुकुल कुमार सिंह की तलाश कर रही है।

## डीएम ने सभी बीडीओ से जल संरक्षण कार्यों की जानकारी

नई टिहरी। जिला सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने सभी बीडीओ से जल संरक्षण कार्यों की जानकारी ली। उप निदेशक जलागम को स्प्रिंग एंड रिवर रिज्यूविनेशन अथॉरिटी (सारा) के तहत धरातल पर कार्य शुरू करने, बीडीओ को कार्यों की मॉनिटरिंग करने को कहा गया। वन विभाग को कैम्पा योजना के अन्तर्गत जल संसाधन क्षेत्रों में कार्य करने को कहा। जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत जल संस्थान और वन विभाग को चिन्हित संवेदनशील जल स्रोतों का जल्द संयुक्त निरीक्षण करने को कहा गया। बैठक में सीडीओ अभिलाषा भट्ट, डीएचओ वीके वर्मा, डीईओ बेसिक वीके ढौंडियाल, ईई जल संस्थान प्रशांत भारद्वाज आदि मौजूद रहे।